FIROZABAD POLICE

★ सुरक्षा आपकी ★
★ संकल्प हमारा ★

प्रेसनोट थाना शिकोहाबाद दिनांक 24-03-2026 जनपद फिरोजाबाद।

- **थाना शिकोहाबाद व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा 17 वर्ष से फरार 25,000 रुपये के इनामियाँ अपराधी को किया गया गिरफ्तार......**
- **मुन्ना उर्फ राजू पुत्र रसूलबक्श उर्फ फुरकान पठानी निवासी दरी मौहल्ला कोतवाली इटावा जनपद इटावा की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा घोषित किया गया था 25,000 रुपये का इनाम............**
- **थाना शिकोहाबाद व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 96/2009 धारा 395,397,412 भादवि के वांछित इनामिया अपराधी मुन्ना उर्फ राजू पुत्र रसूलबक्श उर्फ फुरकान पठानी निवासी दरी मौहल्ला कोतवाली इटावा जनपद इटावा को किया गया गिरफ्तार.....**
- **अंतरजनपदीय गैंग ने डाली थी दिनदहाडे बीच बाजार डकैती........**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में जनपद फिरोजाबाद में वांछित/इनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24-03-2026 को एसओजी , सर्विलांस व थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में एक शातिर इनामिया अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी सूचना संकलन एवं सतत निगरानी के आधार पर 25,000 रुपये के इनामिया अपराधी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त लगभग 17 वर्ष से फरार चल रहा था तथा उसके विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत थे।

अभियुक्त द्वारा पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए करीब 17 वर्ष से फरीदाबाद (हरियाणा) में अपनी पहचान छुपाकर राजू नाम से रह रहा था। फरीदाबाद में अभियुक्त राजू नाम से ही बिजली मिस्त्री का काम करता था। अभियुक्त आज दिनांक 24-03-2026 को थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत अपने परिचित से मिलने आया था जिसकी जानकारी मुखबिर खास द्वारा दी गयी। सूचना पर एसओजी / सर्विलांस व थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अभियुक्त मुन्ना उर्फ राजू को पुराना इटावा रोड असुआ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण— अभियुक्त द्वारा दिनांक 20-02-2009 को वादी भगवान दास पुत्र श्री राधेश्याम निवासी बडा बाजार शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के घर में घुसकर हथियारों के बल पर सोने चाँदी के आभूषण व एक डीवीवीएल गन (लाइसेंसी) अपने अन्य साथियों के साथ लूट कर ले गया था। प्रकरण में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 96/2009 धारा 395,397,412 भादवि पंजीकृत किया गया था। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुन्ना उर्फ राजू पुत्र रसूलबक्श उर्फ फुरकान के अन्य 08 साथियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। अभियुक्तों से लूट के 02 लाख 20 हजार रुपये , डीवीवीएल गन बरामद की गयी थी।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त---

01- मुन्ना उर्फ राजू पुत्र रसूलबक्श उर्फ फुरकान पठानी निवासी दरी मौहल्ला कोतवाली इटावा जनपद इटावा।

गिरफ्तार करने वाली टीम :-

01-प्रभारी एसओजी/सर्विलांस श्री प्रेम शंकर पांडेय जनपद फिरोजाबाद।

02-उ0नि0 मनमोहन शर्मा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

03-मु0आ0 सुशील कुमार एसओजी जनपद फिरोजाबाद।

04-मु0आ0 ललित कुमार एसओजी जनपद फिरोजाबाद।

05-मु0आ0 अनिल गुप्ता सर्विलांस जनपद फिरोजाबाद।

06-का0 उग्रसेन एसओजी जनपद फिरोजाबाद।

07-का0 अरुण एसओजी जनपद फिरोजाबाद।

08-का0 संदीप एसओजी जनपद फिरोजाबाद।

09-का0 जयप्रकाश एसओजी जनपद फिरोजाबाद।